# पाठ -2 भूमि, मृदा, जल, प्रकृतिक वनस्पति और वन्य जीवन संसाधन

## अभ्यास

**प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

**(i) मृदा निर्माण के लिए उत्तरदायी दो मुख्य जलवायु कारक कौन - से है?**

उत्तर- मृदा निर्माण के लिए उत्तरदायी दो मुख्य जलवायु कारक –

(क) वर्षा , (ख) तापमान

**(ii) भूमि निम्नीकरण के कोई कारक लिखिए |**

उत्तर-

(क) कृषि भूमि का प्रसार |

(ख) निर्माण सम्बन्धी गतिविधियो का प्रसार |

**(iii) भूमि को महत्वपूर्ण संसाधन क्यों माना जाता है ?**

उत्तर- भूमि को महत्वपूर्ण संसाधन माना जाता है क्योकी इस पर मनुष्य निवास करता है एवं कृषि द्वारा विभिन्न अनाजो का उत्पादन करता है | इसके अतिरिक्त वानिकी , खनन , सड़को , उघोगों की स्थापना करके विकास के ओर अग्रसर होता है|

**(iv) किन्ही दो सोपानो के नाम बताईए जिन्हें सरकार ने पौधों और प्राणियों के संरक्षण के लिए आंरभ किया है?**

उत्तर- (क) एक अंतर्राष्ट्रीय परिपाटी सी ० आई ० टी ० ई ० एस ( द कन्वेंशन ऑन इंटरनेश्नल ट्रेड एनड़ेंजर्ड स्पीशीज ऑफ़ वाईल्ड फौना एंड फ्लौरा ) की स्थापना की गई है जिसमे प्राणियों और पक्षियों की कई जातियों का व्यापार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है |

(ख) प्रादेशिक व सामुदायिक स्तर पर सामाजिक वानिकी, वनमहोत्सव को प्रोत्साहित किया गया है |

**(v) जल संरक्षित के तीन तरीके बताईए |**

उत्तर- (क) धरातल को वनस्पति विहीन होने से बचाना चाहिए , क्योकि वनस्पति आवरण धरातलीय प्रवाह को मंद करते है भुमिगद जल को पुनः पूरित करते है |

(ख) जल रिसाव को कम करके |

(ग) स्प्रिंकलरो द्वारा |

**प्रश्न 2 सही उत्तर को चिन्हित कीजिए-**

**(i) निम्नलिखित में से कौन-सा कारक मृदा निर्माण का नही है ?**

(क) समय (ख) मृदा का गठन (ग) जैव पठार्थ

**(ii) निम्नलिखित में से कौन सा विधि तिव्र ढालो पर मृदा अपरदन को रोकने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है ?**

(क) रक्षक मेखला (ख) मलचिंग (ग) वेदिका कृषि

**(iii) निम्नलिखित में कौन सा प्रकृति के संरक्षण के अनुकूल नही है ?**

(क) बल्ब को बंद कर देना जब आवश्यकता न हो|

(ख) नल को उपयोग के बाद तुरंत बंद कर देना चाहिए |

(ग) खरिददारती के बाद पाली पैक नष्ट कर देना चाहिए |

उत्तर- (i) (ख), (ii) (ग), (iii) (क) |

**प्रश्न 3 निम्नलिखित का मिलन कीजिए –**

**(क) भूमि उपयोग (i) मृदा अपरदन को रोकना**

**(ख) हूमस (ii) कृषि के लिए उपतुक्त भूमि**

**(ग) चट्टान बांध (iii) भूमि का उत्पादनकारी उपयोग**

**(घ) कृषि योग्य भूमि (iv)ऊपरी मृदा पर निक्षेपित जैव पदार्थ**

उत्तर- (क) (iii), (ख) (iv), (ग) (i), (घ) (ii) |

**प्रश्न 4 निम्नलिखित कथनों में से सत्य अथवा असत्य बताईए | यदि सत्य है तो कारण बताईए |**

**(i) भारत का गंगा , ब्रहापुत्र मैदान अत्यधिक आबाद प्रदेश है|**

उत्तर- सत्य, कारण यह मैदान अत्यधिक उपजाऊ है जहाँ विभिन्न खाघान्न फसले उगाई जाती है व जल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है| मैदानी भाग होने के कारण सड़को व रेल्मार्गा का घना जाल है |

**(ii) भारत में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता कम हो रही है|**

उत्तर- सत्य, कारण – बढती जनसंख्या , भोजन और नकदी फसलो की बढ़ती मागा और बढ़ता नगरीकरण जल आपूर्ति की कमी के मुख्य कारक है |

**(iii) तटीय क्षेत्रो में पवन गति रोकने के लिए वृक्ष कतार में लगाए जाते है , जिसे बिज की फसल उगाना कहते है|**

उत्तर- असत्य |

**(iv) मानवीय हस्तक्षेप और जलवायु प्रीवर्तन परितंत्र को व्यवस्थित रख सकते है|**

उत्तर- असत्य |

## अतिरिक्त प्रश्नोत्तर

**प्रश्न 1 विश्व के भिविन्न भागों में जनसंख्य का असमान वितरण क्यों पाया जाता है?**

उत्तर- भूमि और जलवायु में भिन्न-भिन्न लक्षणों के कारण |

**प्रश्न 2 कृष और निर्माण सम्बन्धी गतिविधियों के कारण कौन-सी पर्यावरणीय समस्याएँ उत्पन्न हुई हैं?**

उत्तर- (i) भूमि निम्नीकरण

(ii) मृदा अपरदन

(iii) मरुस्थलीकरण |

**प्रश्न 3 भूमि संरक्षण के कुछ तरीके बताईए |**

उत्तर- (i) वृक्षारोपन |

(ii) भूमि ऊद्-धार, रासायनिक कीटनाशकों एवं उर्वरकों के विनयमित उपयोग |

(iii) अतिचारण पर रोक |

**प्रश्न 4 वर्षा जल संग्रहण से आप क्या समझते हैं|**

उत्तर- छत पर वर्षा जल एकत्र करके इस जल संग्रहण करना एवं विभिन्न उत्पादन उपयोगों में लाना वर्षा जल संग्रहन कहलाता है|

**प्रश्न 5 मृदा निर्माण के प्रमुख कारक कौन से है?**

उत्तर- (i) शैल का स्वरूप (iii) जलवायु (iii) स्थलाकृति (iv) जैव पर्दाथ (v) समय |

**प्रश्न 6 वनों को उनकी पत्तियाँ गिराने के आधार पर वर्गीकृत कीजिए |**

उत्तर-

| **सदाहरित वन** | **पर्णपाती वन** |
|---|---|
| इन वनों के वृक्ष किसी भी ऋतू में अपनी पत्तियाँ एक साथ नही गिरते | | इन वनों के वृक्ष वाष्पोत्सर्जन से होने वाली हानी को रोकने के लिए किसी विशेष ऋतू में अपनी पत्तियाँ गिरा देते है| |

**प्रश्न 7 मृदा निर्माण के विभिन्न कारको को समझाइए |**

उत्तर- (i) **जनक शैल-** यह मृदा के रंग, गठन, रासायनिक, गुणधर्म, खनिज मात्रा, पारगम्यता को निर्धारित करते है|

(ii) **जलवायु**- वर्षा, अपक्षयण और हुमस निर्माण दर को प्रभावित करती है|

(iii) **स्थलाकृति-** उच्चावच, तुंगत और ढाल मृदा के संचय को निर्धारित करते है|

(iv) **जैव पर्दाथ-** यह हुमस की दर को प्रभावित करती है|

(v) **समय-** समय मृदा परिच्छेदिका की मोटाई को निश्चित करती है|

**प्रश्न 8 जल संसाधन को संरक्षित करने के उपाय बताइए |**

उत्तर- (i) प्रदूषित जल को जल निकायों में छोड़ने से पूर्व उपयुक्त विधि से शोधित करना |

(ii) जल संग्रहण पृष्ठीय प्रवाह को बचाने की दूसरी विधि है|

(iii) स्प्रिंकलरो द्वारा सिंचाई करना |

(iv) वन आवरण धरातलीय प्रहाव को मंद करते है और भुमिगत जल को पुनः पूरित करते हैं |

(v) जल रिसाव को कम करने के लिए नहरों को पक्का करना चाहिए |

(vi) वाष्पीकरण की आधिक दर वाले शुष्क प्रदेशों में सिंचाई की ड्रिप अथवा टपकन विधि उपयोगी होती है|

**प्रश्न 9 भूमि उपयोग को प्रभावित करने वाले भौतिक कारक बताइए|**

उत्तर- स्थलाकृति ,मृदा ,जलवायु ,खनिज ,जल की उपलब्धता|

**प्रश्न 10 भूमि उपयोग से आप क्या समझते हैं?**

उत्तर- भूमि का उपयोग विभिन्न कार्यो के लिए किया जाता हैं| जैसे- कृषि ,वानिकी ,खनन ,सड़को और उघोगों की स्थापना | इसे भूमि उपयोग कहते हैं|

**प्रश्न 11 मृदा का निर्माण किस प्रकार होता हैं?**

उत्तर- मृदा का निर्माण चट्टानों से प्राप्त खनिजो और जैव पर्दाथ तथा भूमि पर पाये जाने वाले खनिजो से होता है यह अपक्षय की प्रक्रिया के माध्यम से बनती है|

**प्रश्न 12 दावानल के कोई तीन कारण बताइए-**

उत्तर- (i) तडित झंझा के कारण प्राकृतिक अग्नि का लगना |

(ii) लोगो की लापरवाही के कारण घास-फूस में जनित ऊष्मा के कारण आग का लगना |

(iii) स्थानिक लोगो द्वारा किसी उद्देश्य से आग लगाना |

**प्रश्न 13 मृदा निम्नीकरण के कारण बताइए |**

उत्तर- (i) वनोन्मुलन ,(ii) अतिचारण ,(iii) रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग ,(iv) वर्षा दोहन ,(v) भूस्खलन ,(vi) बाढ़ |

**प्रश्न 14 भू-स्खलन को रोकने के कोई चार उपाय बताइए|**

उत्तर- (i) भू-स्खलन प्रभावी क्षेत्रों का मानचित्र बनाकर इसमे प्रभावित होने वाले स्थानों को इंगित करना |

(ii) भूमि को खिसकने से बचाने के लिए प्रतिधारी दीवार का निर्माण |

(iii) वनस्पति आवरण में वृद्धि करना |

(iv) भू-स्खलन कि गतिशीलता को नियंत्रित करने के लिए पृष्ठीय नियंत्रण कार्यान्वित करना |

**प्रश्न 15 वन हमारे लिए किस प्रकार उपयोगी है ? समझाइए |**

उत्तर- वन हमारे निम्नलिखित रूप से उपयोगी हैं-

(i) फसलो को उगने के लिए आवश्यक मृदा कली सुरक्षा करते है|

(ii) ऑक्सीजन उत्पन्न करते है लिए जिसमे हम साँस लेते है |

(iii) इमारती लकड़ी प्रदान करते है|

(iv) भूमिगत जल के संग्रह में सहायता करते है|

(v) रक्षक मेखला के रूप में कार्य करते है|

(vi) वनों से हमें फल ,लैटेक्स ,तारपीन का तेल ,गोंदे ,औषधीय पौधे प्राप्त होते है|

**प्रश्न 16 जैवमंडल एवं परितंत्र में अंतर बताइए|**

उत्तर- स्थलमंडल ,जलमंडल और वायुमंडल के बीच जुड़े एक सँकरे क्षेत्र में ही प्राकृतिक वनस्पति और वन्य जीवन पाया जाता है जिसे जैवमंडल कहते है| जैवमंडल में सभी जीवित जातियों की परस्पर निर्भरता एवं सम्बन्ध पारितंत्र कहलाती है|

**प्रश्न 17 जल चक्र से क्या समझते है?**

उत्तर- पृथ्वी पर जल वाष्पीकरण, वर्षण और वाह की प्रक्रियाओं द्वारा महासागरों वायु, भूमि और पुनः महासागरों में गतिशील रहता है| इसे जल चक्र कहते है|

**प्रश्न 18 भू-स्खलन को परिभाषित कीजिए | भू-स्खलन किन कारणों से होते है? इसके दुष्परिणाम बताइए|**

उत्तर- **भू-स्खलन-** को सामान्य रूप से शैल ,मबला या ढाल से गिराने वाली मिट्टी के वृहत् संचलन के रूप में परिभाषित किया जाता है|

**भू-स्खलन के कारण-** भू-स्खलन प्रायः भूकम्प, बाढ़ औए ज्वालामुखी के साथ घटित होते है| लम्बे समय तक भारी वर्षा होने के से भी भू-स्खलन होता है|

**भू-स्खलन के दुष्परिणाम-** (क) यह नदी के प्रवाह को अवरुद्ध कर देता है|

(ख) नदी अवरुद्धता के अचानक फुट पड़ने से निचली घाटियों के आवासों में विध्वंस आ जाता है|

**प्रश्न 19 अपक्षयण को परिभाषित कीजिए |**

उत्तर- तापमान परिर्वतन, तुषार क्रिया, पौधों, प्राणियों और मनुष्य द्वारा अनावरत की गई शैलो का टूटना और क्षय होना अपक्षयण कहलाता हैं|